# डिप्टी कमांडेंट शहीद सुभाष शर्मा के परिवार का संघर्ष मिसाल है : एसपी अमृता दुहन

**कोटा, (निसं)।** शहीद डिप्टी कमांडेंट सुभाष शर्मा जयंती पर शहीद डिप्टी कमांडेंट सुभाष शर्मा समाज कल्याण संस्था की अध्यक्षा वीरांगना बबिता शर्मा व जीतो लेडीज विंग की मंजू लुंकड ने बताया कि शहीद की जयंती पर उनकी वीरता, अदम्य साहस व मृत्यु पर्यंत कर्तव्य की प्रेरणा देने हेतु हमने पीवीआर सिनेमॉल में शहीद डिप्टी कमांडेंट सुभाष शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की व शहीद पर लघु डाक्यूमेंट्री भी दिखाई व अंत में 'छावा' मूवी भी दिखाई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोटा पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन रही। जिन्होंने सर्वप्रथम शहीद डिप्टी कमांडेंट सुभाष शर्मा व भारतमाता की तस्वीर पर रीथ चढाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके पश्चात जीटो लेडीज विंग की अध्यक्षा मंजू लुंकड ने शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन को व शहीद के पुत्र मेजर क्षितिज को सम्मान स्वरूप बुके भेंट किया।



कोटा में शहीद सुभाष शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी है।

कोटा एस.पी. डॉ.अमृता दुहन ने कार्यक्रम में आये हुए सभी मेहमानों से कहा कि मैं डिप्टी कमांडेंट शहीद सुभाष शर्मा को नमन करती हूं, उनका बलिदान देश के प्रति तो है ही साथ में उनके परिवार का भी ये बलिदान होता है। उन्होंने कहा की 'मैं ये भी मानती हूं कि बलिदान देने का सौभाग्य किसी किसी को ही नसीब होता है।' उन्होंने कहा कि जीवन और मृत्यु दो सबसे बड़े सत्य है। अगर देश की सेवा करते हुए आप को मृत्यु प्राप्त होती है तो इससे बड़ी कोई बात हो ही नही सकती।

उन्होने वीरांगना बबिता को नमन करते हुए कहा कि इन्होंने पति की शहादत के पश्चात अपने परिवार को तो बहुत अच्छी तरह संभाला ही साथ ही साथ अपने एकमात्र बेटे क्षितिज को भी इतनी अच्छी परवरिश दी कि वे भारतीय सेना में मेजर के पद पर आज देश सेवा दे रहे है। इतनी यंग ऐज में बहुत ही अच्छा कर रहे है। वे अपने नाम का परचम लहराएगे और अपने पिता का नाम बढ़ाऐंगे इसमें कोई शक नही। उन्होंने कहा कि वीरांगना बबिता शर्मा कोटा शहर मे इतनी समाज सेवा का कार्य कर रही हैं ये सबके लिए एक बहुत ही बड़ा पोजिटिव मेसेज है, कि कभी भी जिंदगी में हार नही माननी चाहिए। जिस तरह डिप्टी कमांडेंट सुभाष मृत्युपर्यंत कर्तव्य निभाते रहे उसी तरह बबिता ने भी जिंदगी के संघर्ष में कभी हार नही मानी। उसी के फलस्वरूप आप सब भी उनके सपोर्ट में आज यहां आए है, आप सभी को भी मै इसलिए नमन करती हूं।

डॉ.अमृता दुहन ने अंत में मेजर क्षितिज को शुभकामनाऐ देते हुए कहा कि आप अपनी जिंदगी में बहुत आगे बढ़े। अपने माता-पिता, अपना स्वयं का व देश का बड़ा नाम रोशन करें।

डॉ. अमृता दुहन के पश्चात वीरांगना बबिता शर्मा ने कार्यक्रम में आये हुए सभी मेहमानो को शहीद सुभाष जयंती व बैसाखी की बधाई देते हुए कहा की इसी 16 अप्रैल को डिप्टी कमांडेंट सुभाष की शहादत को 29 वर्ष हो जाएगे। वे एक बहुत ही बहादुर व ईमानदार सीमा सुरक्षा बल के ऑफिसर थे। मैंने आज से 29 वर्ष पूर्व ये अपने आप से प्रण लिया था की उनकी बहादुरी व अदम्य साहस को मैं कभी अपने देशवासियों को भूलने नहीं दूंगी। हम सब की मेमोरी बहुत ही शोर्ट होती है लेकिन वो हमेशा अमर थे और अमर है उनको 21 तोपों की सलामी लगी थी। उनकी बहादुरी की गाथा मै उन पर बनी डाक्यूमेंट्री के माध्यम से व अपने अन्य देश के प्रति सकारात्मक देशहित कार्यो से देशवासियो के दिल मे देशभक्ति की लौ जलाती रहूंगी।

उन्होंने शहीद डिप्टी कमांडेंट सुभाष शर्मा, समाज कल्याण संस्था के समन्वयक इंजीनियर अजय बाकलीवाल का भी धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से कर्नल पियूष, कर्नल सूद, कर्नल आलोक शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, डॉ.मोहन मंत्री, डॉ निहित, डॉ.जी.डी.रामचंदानी, डॉ साहनी, डॉ.जतिंदर कोहली, राखी गौतम, इंजीनियर अजय बाकलीवाल, भगवत सिंह हिंगड, हरि बल्लभ शर्मा, श्रीनाथ गर्ग, डॉ. सत्यकांत उपाध्याय, राजू तोमर सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## 'समरसता और सद्भाव से ही समाज और राष्ट्र का उत्थान'

**कोटा, (निसं)।** संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर की जयंती की पूर्व संख्या पर प्रदेश महामंत्री ओबीसी विकास मंच की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन बसन्त विहार (गणेश तालाब) में माल्यर्पण और पुष्पांजलि कर किया गया, इस अवसर पर "सामाजिक मंथन चिंतन" पर विचार गोष्ठी भी सम्पन्न हुई, पुरूषोतम अजमेरा ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके पदचिन्हों पर चलकर संविधान में निहित अधिकारों से पीड़ित मानव सेवा और न्याय का मार्ग प्रशस्त करने का आहवान किया। समाजसेवी डॉ. दुर्गा शंकर सैनी ने कहा समाज को सामाजिक समरसता और सद्भाव के साथ आगे बढ़ना होगा हमारा संविधान धर्म, जाति, समाज से ऊपर है, पीड़ित समाज सेवा से ही समाज और राष्ट्र का उत्थान होगा, उन्होने अम्बेडकर के बारे में बताया कि बाबा साहब अम्बेडकर विधिवेक्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, उन्होने दलित बौद्ध आन्दोलन को प्रेरित किया और दलितों से सामाजिक तथा राजनैतिक भेदभाव के विरूद्ध अभियान चलाया, जिसमें श्रमिक, किसानों और महिलाओं के अधिकारों की आवाज बने, बाबा साहेब ने कहा था कि छुआछूत गुलामी से भी बदत्तर हैं। भाजपा नेता एवं पर्यावरण संरक्षण समिति के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने कहा हर वर्ग को साथ लेकर चलने से ही भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होगा।

## युवक की हत्या के 66 घंटे बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर : सांसद जाटव

**कोटा, (निसं)।** कोटा में निजी कार्यक्रम में शामिल होने आये कांग्रेस के सांसद भजनलाल जाटव ने महावीर नगर इलाके में युवक की चाकू से हमला कर हत्या के मामले में बोलते हुए कहा कि घटना के 66 घंटे बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी अपराधों के ग्राफ में कोई कमी नही आ रही है, उन्होंने कहा कि कोटा में बिना किसी रंजिश के मामूली कहासुनी होने पर युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी जाती है, पुलिस मामले में अब तक कोई कार्यवाही नही कर पाई है। डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भी लगातार क्राईम बढ़ता ही जा रहा है। सांसद भजनलाल जाटव ने कोटा के महावीर नगर में तीन दिन पूर्व हुए हत्याकांड के पीड़ित परिवार से सर्किट हाऊस में मुलाकात कर मामले की जानकारी ली। सांसद जाटव ने कहा कि मृतक के परिजनों ने मामलें में सीबीआई जांच की मांग की है। ज्ञात रहे कि महावीर नगर थाना इलाकें के अंहिसा सर्किल पर स्कूटर हटाने के विवाद को लेकर कार सवार कुछ बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी।

वहीं बीच-बचाव के लिये आये एक अन्य पर हमला कर उसे घायल कर दिया था, वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गये थे। हमले में वर्कशॉप में कार्यरत मैकेनिक सुरेन्द्र जाटव की मौत हो गई थी और बीच-बचाव करने आया एक अन्य घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर घटना के दूसरे दिन परिजनों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नारेबाजी करते हुए धरना दिया था। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों द्वारा जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

लेकिन मामले में अभी तक पुलिस को काई सफलता हाथ नही लगी है। पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा ने कहा कि घटनास्थल पर मिले सीसीटीवी फुटैज के आधार पर आरोपी आर्यन हाड़ा और मोहित जैन की पहचान कर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये टीमें गठित कर रवाना की गई है।

### सार-समाचार

## देहदान और अंगदान करने वालों को सम्मानित किया

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान, कोटा के उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाडा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने रविवार को संगठन के वरिष्ठ सदस्य बनवारी लाल जंगम, पूर्व हेड कांस्टेबल द्वारा अंगदान/देहदान का संकल्प पत्र प्रस्तुत करने पर उनके जय हिंद नगर स्थित निवास स्थान पर जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें साफा बांधा गया और संगठन का दुपट्टा पहनाकर प्रशस्ति पत्र भी सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व संगठन के अन्य पदाधिकारी नवनीत महर्षि एवं सुबोध कुमार सिंह, सेवानिवृत पुलिस उप अधीक्षक भी सपत्नीक देहदान हेतु विधिवत रूप से संकल्प पत्र प्रस्तुत चुके हैं। इनसे प्रेरित होकर ही बनवारी लाल जंगम ने अपने निकटतम संबंधी राजमल जंगम तथा उनकी पत्नी कैलाश बाई द्वारा देहदान संबंधी कार्यवाही की है। संगठन के महासचिव के.के.शर्मा ने प्रशस्ति पत्र का वाचन किया और सभी सदस्यों ने माल्यार्पण से उनका सत्कार एवं सम्मान किया। सम्भागीय अध्यक्ष नवनीत महर्षि ने भी उन्हें इस पुनीत कार्य हेतु बधाई देते हुए कहा कि यह सम्पूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायी है जिसे प्रोत्साहित किया जाना समय की महत्वपूर्ण मांग है। संगठन के प्रतिनिधि मंडल में सलाहकार अतहर खान, कार्यालय मंत्री विजय सिंह कुंतल, कोषाध्यक्ष नंद लाल गुर्जर, प्रचार मंत्री हरि राज सिंह, संयुक्त मंत्री राघवेंद्र सिंह तथा सत्य पाल सिंह नाथावत, जलालुद्दीन, बृज मोहन महावर आदि भी उपस्थित रहे।

## शिवाजी शाखा का पदस्थापना एवं दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित

**कोटा, (निसं)।** भारत विकास परिषद की शिवाजी शाखा द्वारा सत्र 2025-26 हेतु दायित्व-ग्रहण एवं पदस्थापना समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। यह आयोजन कोटा के प्रतिष्ठित सनातन धर्म मंदिर, दादाबाड़ी में आयोजित किया गया, शिवाजी शाखा की 38 सदस्य जम्बो कार्यकारिणी ने पद, सेवा, गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अरविन्द गोयल, क्षेत्रीय अध्यक्ष, भारत विकास परिषद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान स्टेट रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं नागरिक सहकारी बैंक, कोटा के अध्यक्ष राजेश बिरला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय संस्कार संयोजक किशन पाठक ने की। कार्यक्रम में शपथ-ग्रहण अधिकारी एवं प्रांतीय अध्यक्ष रविशंकर मूंदड़ा पदस्थापना अधिकारी के रूप में विशेष भूमिका में रहे। रविशंकर मूंदड़ा द्वारा नव-निर्वाचित अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। साथ ही सेवा, संस्कार, संपर्क, पर्यावरण, महिला सहभागिता आदि विभिन्न प्रकल्पों के संयोजक एवं सहसंयोजकों का भी शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। अन्य शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्षों ने भी समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## भाजपा ने मुक्तिधाम एवं देहदान पार्क में श्रमदान किया

**कोटा, (निसं)।** भाजपा स्थापना दिवस की कड़ी में भाजपा कोटा शहर द्वारा विज्ञान नगर मंडल में मुक्ति धाम पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा, जिलाध्यक्ष राकेश जैन, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र राही, कार्यक्रम जिला सहसंयोजक कुलदीप सिंह तलवार, महेश आहूजा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर मुक्ति धाम को सुंदर स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दिया। विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में स्वच्छता अभियान का संदेश दिया है, वे सदैव देशवासियों से प्रकृति को स्वच्छ रखने के लिये अपना श्रमदान का संदेश भी देते है। भाजपा कार्यकर्ताओं के मन में सदा सेवा का भाव रहता है। सर्दी गर्मी कैसा भी मौसम हो भाजपा कार्यकर्ता सदैव सेवाभाव में सबसे आगे खड़ा मिलता है। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जब भी कोटा में रहते हैं लगातार सेवाकार्यों में लगे रहते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सेवाभाव से प्रेरणा लेकर सेवाकार्यों की कड़ी में श्रमदान कर स्वच्छता की गयी है।

## नवपद जी की ओली का पारणा संपन्न

**बूंदी (निसं)।** श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक खरतरगच्छ समिति के तत्वाधान में 4 अप्रेल को शुरू हुई चैत्र मास की नवपद ओली की तपस्या रविवार को पारणे के साथ समापन हुआ। तपस्या करने वालों में राजकुमारी, विद्या, अशोक, अमिता भंडारी, नम्रता, विनीता, अलका, शुचिता छाजेड़, नवरत्न, मीनाक्षी कोठारी, बिंदु अनुपम्मा भड़कतिया, शान्ता बुलिया ने इस तप आराधना मे भाग लिया। इस तप के आराधना का संपूर्ण लाभ उत्तम सुशील छाजेड़ परिवार ने लिया। समाज के पारस चौरडिया ने बताया कि 9 दिन तक चलने वाली यह चैत्र मास की नवपद ओली में तपस्यार्थी धर्म आराधना एवं मन्दिर जी की क्रिया करते हुए 9 दिन तक बिना नमक, शक्कर, घी, तेल, दूध अर्थात स्वाद रहित भोजन ग्रहण करते हैं।

## पोस्टर का विमोचन

**कोटा, (निसं)।** द्वारिकापुरी में निःशुल्क भागवत कथा आचार्य रवि गौतम (कदाफल) वालों के मुखारविंद से 16 से 22 जनवरी तक आयोजित की जावेगी जिसमें एक हजार से अधिक श्रद्धालु कथा का श्रवण करेंगे। निःशुल्क यात्रा भागवत कथा हेतु 1 मई से श्रद्धालुओं के आवेदन एवं रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इस संदर्भ में रविवार को किचलहेड़ा गांव के समीप त्रिनेत्र गणेश मंदिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के समापन पर पंडित रवि गौतम के नेतृत्व में भगवान गणेशजी की पूजा अर्चना कर निःशुल्क यात्रा द्वारकाधीश भागवत कथा के पोस्टर का विमोचन किया गया। पंडित रवि गौतम ने बताया कि निःशुल्क भागवत कथा में एक हजार व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

# सड़कों पर उतरकर संघर्ष के लिए हो जाओ तैयार : धारीवाल

■ 'डेढ़ साल में सिर्फ योजनाओं को बंद, नाम बदलने के सिवा कुछ नहीं किया'

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान की भाजपा सरकार ने डेढ़ साल में सिर्फ कांग्रेस सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने और उनके नाम बदलने के सिवा कोई काम नहीं किया। भाजपा सरकार की गलत नीतियों आमजन के साथ कुठाराघात करने वाली सरकार के खिलाफ कार्यकर्ता सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हो जाए हम अभी सरकार से सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेंगे। कांग्रेस संघर्ष के लिए कमर कस लें।

पूर्व मंत्री कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने रविवार को दाधीच भवन में आयोजित कोटा उत्तर विधानसभा के होली और ईद मिलन समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। धारीवाल ने कहा कि भाजपा की सरकार के पास पैसा नहीं है इसलिए जनता पर तरह-तरह के टैक्स लगाए जा रहे हैं बिजली के बिल में बढ़ोतरी की जा रही है पानी का चार गुना पैसा वसूलने की तैयारी की जा रही है । यूडी टैक्स जबरन वसूला जा रहा है।वृद्धावस्था समेत अन्य गरीबों को राहत पहुंचाने वाली पेंशन स्कीमों का पैसा नहीं पहुंच रहा। समाज का हर तबका भाजपा की इस सरकार से त्रस्त हो चुका है। कार्यकर्ताओं को पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वेषता पूर्ण रवैया से कम कर रही है, कर्मचारियों के तबादले किए जा रहे हैं वार्ड का परिसीमन ऐसे किया जा रहा है कि पार्षद जनता से दूर हो जाएगा जनता परेशान होगी कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्ष के लिए तैयार रहे। समारोह में कांग्रेस के नेताओं और पदाधिकारी ने संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमले बोले। पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने भाजपा सरकार द्वारा किए गए वार्डों के परिसीमन को नियमों के खिलाफ बताते हुए कार्यकर्ताओं से हवन किया कि वह वक्त में अपनी आपत्तियां दर्ज करवाई भाजपा सरकार ने नियम कायदों को तक पर रखकर वार्डो का परिसीमन किया है सरकार के इस जन विरोधी निर्णय के खिलाफ हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। पूर्व मंत्री धारीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि बीजेपी धर्म की राजनीति करती है नफरत की राजनीति करती है कांग्रेस पार्टी हमेशा बहु संख्यक को अल्पसंख्यकों को साथ में लेकर सौहाद्र की राजनीति में विश्वास करती आई है उन्होंने वक्फ कानून को लेकर भी केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वह कानून के खिलाफ संसद में जबरदस्त बहस की विपक्ष के 232 वोट आए यह अपने आप में बड़ी बात है, इससे पहले संसद में किसी बिल पर इतने पुरजोर तरीके से विरोध नहीं देखा गया। होली और ईद मिलन समारोह में जैसे ही पूर्व मंत्री शांति धारीवाल पहुंचे कार्यकर्ताओं का सैलाब उनके स्वागत के लिए उमड पड़ा, धारीवाल का जोरदार स्वागत किया। कोटा उत्तर विधानसभा के होली ईद मिलन समारोह के दौरान पीसीसी अमित धारीवाल, समेत धारीवाल परिवार के सदस्यों के साथ कांग्रेस नेता डॉ जफर मोहम्मद, राजेन्द्र सांखला, शिवकांत नंदवाना, महापौर मंजू महेरा, उप महापौर सोनू कुरैशी,पूर्व उप महापौर राकेश सोरल ब्लॉक अध्यक्ष नेवा लाल गुर्जर, ललित शर्मा, विष्णु मेवाड़ा, समेत कांग्रेस पदाधिकारी पार्षद, बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच का पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष राकेश शर्मा राकू ने किया।

### सार-समाचार

## हाड़ौती लोधा क्षत्रिय महासभा क डॉ. रामकुमार लोधा अध्यक्ष बने

**कोटा, (निसं)।** शहर के खेड़ली पुरोहित, कोटा में लोधा समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों समाजबंधुओं ने भाग लिया। बैठक में लोधा समाज के चहुंमुखी विकास हेतु कार्यकलापों, शिक्षा एवं मुख्यतः लोधा छात्रावास के मुद्दों पर चर्चा हुई। तत्पश्चात हाड़ौती लोधा क्षत्रिय महासभा के सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुए। बैठक में हाड़ौती लोधा क्षत्रिय महासभा के उपस्थित सभी समाजबंधुओं ने सर्व-सहमति से डॉ.राम कुमार लोधा, (अधिशासी अभियंता, कोटा विकास प्राधिकरण-कोटा) को अध्यक्ष चुना गया। वहीं राजेंद्र प्रसाद लोधा (व्याख्याता) को महामंत्री पद के लिए चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त कर शीघ्र ही संपूर्ण कार्यकारिणी की घोषणा कर संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अथक प्रयासों का अश्ववासन दिया। इस दौरान नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. रामकुमार लोधा ने बतायाकि शीघ्र ही कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। बैठक में अखिल भारतीय लोधा महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री अजय कुमार लोधा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमेश चंद मोड़ा, समिति के संरक्षक के.एल.वर्मा, पूर्व अध्यक्ष भगवानदास लोधा, पूर्व महामंत्री प्रमोद लोधा, जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार लोधा, दुर्गालाल लोधा, महावीर सिंह लोधा, बाबूलाल, तीरथ सिंह, प्रेम लोधा, श्याम लीलेड़ा, शांतिलाल लोधा, मुरलीधर लोधा, ओमप्रकाश लोधा, प्रहलाद लोधा, मोडूलाल लोधा, नवल लोधा, बलराम लोधा, बीरम लोधा, पुरुषोत्तम, देवांश, देवलाल लोधा, लोकेश लोधा, रूपचंद, राहुल लोधा, दिनेश लववंशी, सिद्धार्थ आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

## पारंपरिक ठाट-बाट से भोलेनाथ का होगा नगर भ्रमण

**कोटा, (निसं)।** रंगबाड़ी मार्ग पर भगवान श्री पिप्पलेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ का नव-प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव (पाटोत्सव) का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष भारत भूषण अरोड़ा ने बताया कि मंदिर में भोलेनाथ को विधि-विधान से समारोहपूर्वक अपने नूतन गृह में विराजित किया जा रहा है। रविवार को भगवान के पाटोत्सव में शर्करादिवास, घृतादिवास एवं शय्यादिवास हुआ। निरंतर प्रज्वलित हो रहे हवन कुंड में आहुतियां दी गई। प्रवक्ता गिरधर लाल बढेरा ने बताया कि पाटोत्सव महोत्सव पर सोमवार को शिव परिवार का महाभिषेक के पश्चात भगवान भोलेनाथ पारंपरिक ठाट बाट से परीकरो के साथ सुबह 8 बजे नगर भ्रमण पर पधारेंगे। जिसमें जगह-जगह पुष्प वर्षा आदि से भव्य स्वागत होगा। भजन मंडलियां भजनों पर नाचते-गाते चलेंगी, झांकी सजाई जाएगी, कबीर आश्रम के महाराज प्रभाकर एवं मोटा महादेव के स्वामी दशरथ दास बग्गी पर विराजमान होंगे। भगवान श्री पिप्पलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर शोभायात्रा नगर भ्रमण होगा जिसमें कंपीटीशन कॉलोनी, टीचर्स कॉलोनी और घटोत्कच्च चौराहा होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगे। इस दौरान जगह-जगह स्वागत द्वारा लगाए जाएंगे, विभिन्न संगठनों की और से भोलेनाथ पर पुष्प वर्षा होगी, मधुर स्वर लहरियों के बीच भक्तिमय माहौल में दोपहर साढ़े बारह बजे भगवान अपने नूतन भवन में विराजित होंगे। शाम 5.30 बजे यहां महाआरती की जाएगी। हजारों की संख्या में स्थानीय निवासी इस भव्य आयोजन के साक्षी बन रहे हैं, श्रद्धा और विश्वास के साथ भक्तीमय माहौल में सभी भरपूर आनंद ले रहे हैं।

# मौत के मामले में प्रशासन व कंपनी संचालक के खिलाफ कठोर कार्यवाही एवं मुआवजे की मांग

**कोटा, (निसं)।** पूज्य सिंधी जनरल पंचायत संस्थान कोटा द्वारा सिंधी समाज के होनहार युवक वासुदेव खत्री की हॉट एयर बैलून शो ट्रायल के दौरान दर्दनाक मौत होने से प्रशासन व कंपनी संचालक के खिलाफ कठोर कार्यवाही एवं मुआवजे की मांग को लेकर संस्थान अध्यक्ष के नेतृत्व में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन दिया गया। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत संस्थान कोटा के मंत्री शमशेर परमानी ने बताया कि सिधी समाज के कोटा निवासी परिवार का इकलौता कमाने वाला होनहार युवक वासुदेव खत्री का बारां जिले के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हॉट एयर बैलून शो ट्रायल के दौरान अचानक बैलून उड़ जाने से 70 फुट की ऊँचाई से गिरने कारण दर्दनाक मौत हो गई। जिनके खिलाफ कठोर कार्यवाही एवं मुआवजे की मांग को लेकर संस्थान अध्यक्ष के नेतृत्व में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बारां जिला कलेक्टर से इस संबंध में बात कर मुआवजा व कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए एवं मृतक की पत्नी को कोटा अस्पताल में संविदा पर नौकरी लगवाने के निर्देश दिए। संस्थान अध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि यदि इस मामले में ठोस कार्यवाही नही की गई तो सम्पूर्ण सिंधी समाज उग्र आंदोलन एवं प्रदर्शन करेगा। पूज्य सिंधी जनरल पंचायत संस्थान कोटा शहर द्वारा 50 हजार रूपये की नकद सहायता राशि मृतक वासुदेव खत्री के परिजनों को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष सुपुर्द की गई।

## सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया

**बूंदी (निसं)।** क्रीडा भारती के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव व संघटन के स्थापना दिवस पर आदर्श विद्या मन्दिर, लालकोठी में द्विसत्रीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रथम सत्र में आयोजित संगोष्ठी व परिचर्चा सत्र में मोहन सालवी मुख्य वक्ता रहे। अध्यक्षता जिला संरक्षक ललित सिंह मुक्तावत ने की। अतिथियों ने भगवान हनुमान के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता सालवी ने हनुमान जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

# आरपीएफ ने कैला देवी मेले के दौरान कुशल सुरक्षा का दायित्व निभाया

■ कैला देवी माता मेला का सुरक्षित एवं सफल आयोजन

**कोटा, (निसं)।** करौली में 26 मार्च से 13 अप्रैल 2025 तक आयोजित कैला देवी माता मेले के दौरान गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना कैलादेवी रेलवे स्टेशन पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ का प्रबंधन रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अत्यंत कुशलता और समर्पण के साथ किया गया।

कोटा मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त ए. नवीन कुमार के कुशल मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल ने सिविल पुलिस और राजकीय रेलवे पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर दर्शनार्थियों को सुरक्षित, सुगम और सुखद यात्रा अनुभव प्रदान किया। मेले के दौरान गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना कैलादेवी रेलवे स्टेशन पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की थीं। भीड़ को व्यवस्थित करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए:- स्टेशन पर विशेष रूप से प्रशिक्षित आरपीएफकर्मियो के अतिरिक्त बल की तैनाती की गई।

इसके अतिरिक्त जीआरपी के अलावा आरएसी के अतिरिक्त बल की भी तैनाती की गई जो चौबीसों घंटे सतर्कता के साथ कार्यरत रहीं। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी की गई, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई संभव हो सकी। महिला यात्रियों, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से सहायता डेस्क और प्राथमिकता आधारित व्यवस्था सुनिश्चित की गई।



आरपीएफ ने कैला देवी मेले के दौरान सुरक्षा का दायित्व कुशलता और तत्परता से पूरा किया है।

दर्शनार्थियों को सुरक्षित और जागरूक यात्रा के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके तहत पब्लिक एड्रेस सिस्टम और मेगाफोन द्वारा स्टेशन पर लगातार घोषणाएं की गई, जिसमें यात्रियों को अपने सामान, छोटे बच्चों और निजी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई।

आरपीएफ कर्मियों ने यात्रियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया। खोए हुए सामान को ढूंढने और परिवार के बिछड़े सदस्यों को मिलाने में विशेष सहायता प्रदान की गई।

आपात स्थिति के लिए रेलवे हेल्पलाईन नंबर 139 और अन्य संपर्क सूचनाओं का व्यापक प्रचार किया गया। आरपीएफ कर्मियों ने दर्शनार्थियों के साथ अत्यंत संवेदनशील और मधुर व्यवहार बनाए रखा। मेले के धार्मिक और भावनात्मक महत्व को समझते हुए, कर्मियों ने यात्रियों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना और उनकी समस्याओं का त्वरित निवारण किया। इस व्यवहार ने दर्शनार्थियों में विश्वास और संतुष्टि का भाव पैदा किया। ट्रेनों की समयबद्धता के लिए रेलवे प्रशासन के साथ मिलकर कार्य किया गया।

**सफल और सुरक्षित आयोजन:-** रेलवे सुरक्षा बल के इन समर्पित प्रयासों के परिणामस्वरूप, मेले की पूरी अवधि के दौरान गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। दर्शनार्थियों ने आरपीएफ के प्रबंधन, सहायता और व्यवहार की खुले दिल से सराहना की। कई यात्रियों ने व्यक्तिगत रूप से कर्मियों को धन्यवाद दिया और उनके कार्यों को मेले की सफलता का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

## बच्चों ने अपने मन के उद्गारों को केनवास पर उकेरा

**कोटा, (निसं)।** बच्चों के मन के उद्गार को कैनवास के माध्यम से अपनी पेंटिंग में सजाकर नए संदेश दिए जाने को लेकर भव्या, युविका आरव और हिमेश द्वारा महावीर नगर द्वितीय ऋण मुक्तेश्वर हनुमान जी मंदिर में रविवार को ड्राईंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। भव्या गुप्ता व युविका ने बताया कि बच्चो द्वारा, बच्चों के लिए किए गए आयोजन में कोटा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कोटा शहर के 63 अलग-अलग क्षेत्र से आए 4 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों ने इस प्रतियोगिता के माध्यम से कई संदेश दिए।

बच्चों ने मन में उत्पन्न होने वाले विचारों को कैनवास के जरिए विभिन्न रंगों में समाहित करते हुए आकृतियों से पर्यावरण का संदेश दिया तो पशु-पक्षियों को लेकर भी आकृतियां बनाई गई, शिक्षा नगरी कोटा में स्टूडेंट के सपनों को पूरा होता दिखाया तो, दिमाग के साथ ही किताब को दशार्या गया, मुकुंदरा टाईगर रिजर्व एवं देशभक्ति से और चित्र भी बनाए गए। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.सुरेश पांडे ने प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया। निर्णायक की भूमिका हर्ष जैन, सुधीर सोनी, महेंद्र सिंह नाथावत, योगेन्द्र सिंह नाथवत, ललित चित्तौड़ा, सुनील राठौड़, जितेंद्र महावर, विनोद, अनिल गौतम एवं डॉ.क्षिप्रा गुप्ता द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता में 4 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक का एक ग्रुप बनाया गया वहीं 10 वर्ष से अधिक का दूसरा ग्रुप बनाया गया। 4 वर्ष से 10 वर्ष के ग्रुप में चारवी जैन प्रथम रही, अनन्या तिवारी द्वितीय एवं प्रज्वल गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। जबकि 10 वर्ष से अधिक उम्र में गौरांगी अग्रवाल प्रथम, दिव्यांश गोयल द्वितीय रहे जबकि सोनाक्षी गुप्ता तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उत्साह उमंग उनके चेहरे पर साफ नजर आया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने जमकर डांस किया और खूब इंजॉय किया। बच्चों द्वारा बच्चों के लिए आयोजित किए गए इस कार्यक्रम ने सभी का दिल जीत लिया।

**खोया पाया**

मेरे आवास संख्या 6-D-38 विज्ञान नगर विस्तार कोटा का मूल आवंटन पत्र कही गुम हो गया है। मैने ढूंढने की काफी कोशिश की फिर भी कही मिला नही। किसी को मिले तो उक्त पते पर भिजवाने की कृपा करें।

पता-सईदा बेगम पुत्र श्री अब्दुल वहब D-63 SWARAJ ENCLAVE MANPURA BORKHEDA, KOTA MOB. NO. 9887823027

